
**Page Three**

**Classified**

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# भाई की हत्या करने के मामले में फरार आरोपित गिरफ्तार

**वारदात**

## छोटे भाई की हत्या में फरार आरोपित सहित तीन अलग–अलग मामलों में पांच लोग गिरफ्तार

**संवाददाता**

हरिद्वार। रुड़की में झबरेड़ा पुलिस ने छोटे भाई की हत्या करने के मामले में फरार चल रहे आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं गंगनहर पुलिस ने भी दो अलग–अलग मामलों में तीन आरोपितों को हिरासत में लिया है। पहले मामले में झबरेड़ा थाना क्षेत्र के मानकपुर आदमपुर गांव में छोटे भाई की हत्या करने के मामले में फरार चल रहे आरोपित राजेश को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

बुधवार को प्रेस वार्ता में एसपी देहात ने बताया कि 20 फरवरी को मानकपुर आदमपुर निवासी सुधीर अपने भतीजे लक्की को जन्मदिन की पार्टी में भी ले गया था। इस बात से लक्की के पिता राजेश कुमार नाराज थे। इसी बात को लेकर उनका विवाद हो गया था। जिसके बाद राजेश ने अपने छोटे भाई



सुधीर को चाकू मारकर मौत के घाट उतार दिया था। पुलिस ने आरोपित की निशानदेही पर हत्या में प्रयोग किया गया चाकू गन्ने के खेत से बरामद कर लिया है।

**गंगनहर पुलिस ने तीन को किया गिरफ्तारः** वहीं गंगनहर पुलिस ने दो अलग–अलग मामलों में तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पहला मामला 21 फरवरी को हुआ। जिसमें दुकान से सोने की बाली चोरी होने का एक मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपित ने एक दुकान से बाली चोरी की थी। पुलिस ने बताया कि अली खान निवासी देवबंद को चार ग्राम सोने की बालियों के साथ गिरफ्तार किया गया है। वहीं दूसरे मामले में ई–रिक्शा चोरी के मामले में भूरा निवासी पाडली गेंदा व राजन निवासी सुनहरा को गिरफ्तार किया है। ई रिक्शा भी बरामद कर लिया गया है।

**मंदिर से मूर्ति और लाउडस्पीकर चोरी करने वाले दो गिरफ्तारः** हरिद्वार में एक मंदिर से मूर्ति और लाउडस्पीकर चोरी करने वाले दो आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही बंद मकान में हुई चोरी का भी पर्दाफाश किया है। जानकारी के मुताबिक ज्वालापुर की हरिलोक कॉलोनी में एक बंद मकान का ताला तोड़कर चोरों ने हजारों की नकदी और सामान चोरी कर लिया था। वहीं कॉलोनी के शिव मंदिर से तांबा–पीतल की मूर्ति, लाउडस्पीकर और नकदी चोरी कर लिया गया था। इस मामले में पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगालने के बाद आरोपित रोहित निवासी बाल्मीकि बस्ती ज्वालापुर और गुलफाम निवासी पांवधोई ज्वालापुर को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से चोरी का सामान भी बरामद किया गया है। कोतवाली प्रभारी महेश जोशी ने बताया कि आरोपितों का चालान कर कोर्ट में पेश किया जा रहा है।

## न्यूज डायरी

### गलत आंकड़े पेश कर कम दी फसल बीमा की रकम, कोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब

**संवाददाता** नैनीताल। हाईकोर्ट ने प्रधानमंत्री फसल बीमा की रकम किसानों को गलत आंकड़े पेश कर कम दिए जाने के मामले पर सुनवाई की। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजय कुमार मिश्रा व न्यायमूर्ति एनएस धानिक की खंडपीठ ने सरकार से नौ मार्च तक जवाब दाखिल करने को कहा है। अगली सुनवाई के लिए नौ मार्च की तिथि नियत की है। नैनीताल निवासी अजीत सिंह ने जनहित याचिका दायर कर कहा है कि नैनीताल जिले के 42 हजार 300 किसानों ने प्रधानमंत्री फसल बीमा के अंतर्गत खरीफ की फसल का 2020 में एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी से बीमा कराया था लेकिन डेटा उपलब्ध कराने वाली मुंबई की कंपनी मुम्बई की ओर से गलत आंकड़े दे दिए गए, जिसकी वजह से जिले के किसानों को फसल बीमा का बहुत कम पैसा दिया गया, तमाम किसानों को दिया ही नहीं गया, जब इसकी शिकायत प्रधानमंत्री कार्यालय से की गई। यह मामला संसद में भी उठा।

### कार्बेट के पालतू हाथियों का बनेगा डीएनए प्रोफाइल

**संवाददाता** रामनगर। कार्बेट टाइगर रिजर्व में पहली बार पालतू हाथियों का डीएनए प्रोफाइल तैयार किया जाएगा। इस संबंध में कार्बेट प्रशासन को प्रोजेक्ट एलीफेंट से दिशा निर्देश भी दिए जा चुके हैं। जल्द विभागीय पशु चिकित्सकों का दल हाथियों की डीएनए सेंपलिंग शुरू करेगा। जबकि अन्य राज्यों में यह कार्य पूर्व में पूरा भी हो चुका है। प्रोजेक्ट एलीफेंट की ओर से कार्बेट प्रशासनको पत्र भेजा गया है। जिसमें पालतू हाथियों की डीएनए सेंपलिंग कराने के लिए कहा गया है। विभाग अब डीएनए जांच के लिए अपने यहां मौजूद 18 हाथियों के ब्लड केसेंपल लेगा।

### सलेब्रिटी डिजाइनर तन्मया द्विवेदी का देहरादून में हुआ फैशन शो

**संवाददाता** देहरादून। प्रसिद्ध युवा सलेब्रिटी डिजाइनर तन्मया द्विवेदी ने देहरादून में एक फैशन शो में अपने नायाब व बेहतरीन परिधानों का संग्रह (लाइन) लेबल तन्मया द्विवेदी प्रदर्शन किया। उन्होंने देहरादून में आयोजित एशियन कॉचर रनवे शो के ग्रैंड फिनाले में अपनी लाइन लेबल तन्मया द्विवेदी का प्रदर्शन किया। युवा फैशन डिजाइनर तन्मया द्विवेदी के कलेक्शन के साथ मॉडल्स ने जैसे ही रैंप पर कैटवॉक के लिए उत्तरी लोगों ने तालियों से स्वागत करते हुए तन्मया के प्रधानों की जमकर सराहना की। इस मौके पर तन्मया द्विवेदी ने बताया कि फैशन डिजाइनिंग के इस मुकाम को हासिल करने में मेरे पति मशहूर फैशन डिजाइनर मनीष त्रिपाठी जीने मुझे हर कदम पर काफी सहयोग किया है, इसके लिए मैं उनका आभार व्यक्त करती हूं।

## 39 वर्ष बाद द्योनाई घाटी में फिर उड़ेगा अबीर–गुलाल

**संवाददाता** गरुड़। बदलते जमाने में अधिकांश गांवों में परंपराएं टूट रही हैं, वहीं द्योनाई घाटी की युवा पीढ़ी अपनी परंपराओं को सहेजने में जुट गई है। युवाओं की पहल पर अब 39 वर्ष बाद द्योनाई घाटी में अबीर–गुलाल उड़ेगा, साथ ही कत्यूर की सबसे बड़ी होली देखने की लोगों की वर्षों पुरानी मुराद भी पूरी होगी। वर्ष 1983 में समाज में फैली कुरीति और हुड़दंग के चलते द्योनाई घाटी की होली बंद हो गई थी। इससे पहले घाटी के लोग द्योनाई की बोरा बाखली में संगठित होकर खूब होली गायन करते थे।

घाटी के बुजुर्ग बताते हैं कि जब चतुर्दशी के दिन द्योनाई घाटी की होली कोट भ्रामरी मंदिर जाती थी, तब होली के साथ 12 जोड़ी निशाण, कत्यूर घाटी का सबसे बड़ा नगाड़ा मंदिर जाता था। होली की कमान तब डूंगर भवान सिंह बोरा, केदार सिंह तथा जवाहर सिंह के पास रहती थी। द्योनाई की होली और घाटी के जन समुदाय को देखने दूरदराज से भारी संख्या में लोग कोट मंदिर आते थे। क्षेत्र के युवाओं की पहल पर अब लगभग 30 हजार की आबादी फिर से रंगों का फाग खेलेगी।

कोलतुलारी के कालिका मंदिर में घाटी के लोगों ने बैठक कर होली आयोजित करने का निर्णय लिया। तय किया गया कि घाटी के सभी गांवों के ग्राम प्रधान अपने–अपने गांव में बैठक कर लोगों को होली आयोजन की जानकारी देंगे। इसके लिए प्रत्येक गांव में दो लोगों की कमेटी बनाई जाएगी। मोहन सिंह बोरा, कैलाश सिंह बोरा, गिरीश मैठानी, गणेश सिंह, सुंदर कांडपाल, नारायण सिंह डसीला आदि।



## माइनस पांच डिग्री तापमान में तप कर रहा यह साधु

**संवाददाता** उत्तरकाशी। इन दिनों यमुनोत्री धाम में चार से पांच फीट मोटी बर्फ की चादर जमी है। यमुनोत्री धाम का अधिकत्तम तापमान माइनस पांच डिग्री के करीब है, लेकिन यमुनोत्री में स्थित हनुमान मंदिर के पुजारी भरत दास हर रोज मंदिर परिसर में बर्फ की चादर में बैठकर साधना कर रहे हैं। वहीं गंगोत्री धाम के आश्रम व गुफाओं में 30 साधु साधना कर रहे हैं। जबकि गोमुख के निकट तपोवन में एक साधु साधना में लीन हैं। यमुनोत्री धाम में इन दिनों कपाट बंद होने के कारण यात्रियों व आम जनों की आवाजाही बंद है। यमुनोत्री धाम में हनुमान मंदिर के पुजारी भरत महाराज सहित पांच व्यक्ति रह रहे हैं। लेकिन भरत दास नियमित पूजा अर्चना के साथ मंदिर परिसर में बर्फ की चादर के ऊपर साधना भी कर रहे हैं।

## आइआइटी में छात्र–छात्राओं के आने को लेकर लगाई गई कई पाबंदियां हटा दी

**संवाददाता** रुड़की। कोविड की तीसरी लहर धीमी पड़ने पर भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) रुड़की ने कोरोना काल में कैंपस में छात्र–छात्राओं के आने को लेकर लगाई गई कई पाबंदियां हटा दी हैं। अब ऐसा कोई भी विद्यार्थी जिसने कोरोना से सुरक्षा के लिए टीके की दोनों डोज लगा ली हैं और दूसरी डोज लगाए विद्यार्थी को 15 दिन का समय हो गया है तो वह कैंपस आ सकता है।

वहीं शिक्षक आनलाइन कक्षा के साथ ही कोविड गाइडलाइन का पालन करते हुए कैंपस में पहले से मौजूद छात्रों की आफलाइन कक्षा भी ले सकते हैं। संस्थान ने इसको हाइब्रिड

**दोनों टीके लगाने वाले विद्यार्थी आ सकेंगे कैंपस में**

क्लास का नाम दिया है। इसके अलावा संस्थान में प्रयोगशालाओं को भी पहले की भांति छात्र–छात्राओं के लिए खोल दिया गया है।

कोरोना महामारी के कारण देशभर में पहली बार 24 मार्च 2020 को लाकडाउन लगा था। इससे पहले ही देश में जब कोरोना के मामले सामने आने लग थे तो आइआइटी रुड़की ने आफलाइन कक्षाएं स्थगित कर दी थी। जबकि 24 मार्च से आफलाइन कक्षाओं को पूरी तरह से बंद कर दिया गया था। तब से लेकर अब तक संस्थान की ओर से आनलाइन कक्षाएं संचालित की जा रही हैं लेकिन अब कोरोना की लहर में देशभर में कोविड के मामलों में कमी आने पर संस्थान ने कई पाबंदियों को हटा दिया है। पहले तक प्राथमिकता के आधार पर ही छात्र–छात्राओं को कैंपस में आने की अनुमति दी जा रही थी।

इसके अलावा कैंपस में आने वाले विद्यार्थियों को निर्धारित अवधि तक क्वारंटाइन किया जा रहा था और उनके लिए आरटीपीसीआर रिपोर्ट भी साथ में लाना अनिवार्य था लेकिन अब इन बाध्यताओं को समाप्त कर दिया गया है। आइआइटी रुड़की के डीन ऑफ स्टूडेंट वेलफेयर प्रोफेसर एमके बरुआ ने बताया कि अब बीटेक, एमटेक, पीएचडी के विद्यार्थी जिन्होंने कोरोना से सुरक्षा के लिए दोनों डोज लगा ली हैं और दूसरी डोज को लगाए हुए उन्हें 15 दिन का समय हो गया है तो वह कैंपस में आ सकते हैं।

## दो डाक्टरों के त्यागपत्र, तीन ने कहा हम नहीं देंगे सेवाएं

**संवाददाता** गोपेश्वर। पहले से ही चिकित्सकों की कमी झेल रहे चमोली जिले के स्वास्थ्य उप केंद्रों के दो चिकित्सकों के त्यागपत्र से इन क्षेत्रों में चिकित्सा सेवाएं चरमराने की आशंका बन गई है। इसके अलावा जिला चिकित्सालय गोपेश्वर, उप जिला चिकित्सालय कर्णप्रयाग के अलावा जोशीमठ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात तीन चिकित्सकों के कार्य पर न लौटने के बाद दूरभाष से त्यागपत्र देने की बात कही है। एक साथ पांच चिकित्सकों के त्यागपत्र से जिले में चिकित्सा सेवाओं पर असर पड़ना तय है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एसपी कुड़ियाल ने बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुराड़ थराली में तैनात डा. पुनीत गौतम व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नारायणबगड़ चोपता में तैनात डा. शुभम मिश्रा ने विभाग को अपना त्यागपत्र सौंपा है। उन्होंने बताया कि सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारियों से उत्तरांचल सरकारी सेवक नियमावली मांगी गई है, ताकि आगामी कार्रवाई की जा सके।